प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 15.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज जयपुर के अल्बर्ट हॉल से तिरंगा यात्रा को रवाना कियां इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान को नमन कियां उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहलगाम आतंकी हमले का देश के वीर जवानों ने मजबूती से जवाब दिया हैं श्री शर्मा ने कहा कि इन्हीं जवानों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा हैं

.......

ये तिरंगा यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई बडी चौपड पर पंहुचकर सम्पन्न होगीं यात्रा में मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, पूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट्स और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, शामिल हुए हैं गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान का सम्मान करने के लिए देशभर में 'तिरंगा यात्रा' निकाली जा रही हैं भाजपा की ओर से आयोजित इस ग्यारह दिन की यात्रा का उद्देश्य नागरिकों, समुदायों और क्षेत्रों में राष्ट्रीय गौरव तथा एकता की भावना पैदा करना हैं

0000

पूर्व उपराष्ट्रपति भैरो सिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर आज पूरा देश उन्हें नमन कर रहा हैं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर में विद्याधर नगर स्थित श्री शेखावत के स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दीं मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बाबोसा को याद करते हुए कहा कि राजनीति में कर्तव्यनिष्ठा, नैतिकता और जनसेवा के आदर्श प्रतिमान श्री शेखावत का देशहित और जनकल्याण के लिए समर्पित सम्पूर्ण जीवन सभी के लिए प्रेरणा हैं इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहें श्री शेखावत की पुण्यतिथि पर आज उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड जयपुर में उनके स्मारक पुस्तकालय का उद्‌घाटन करेंगें विद्याधर नगर स्टेडियम में होने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई गणमान्य अतिथि भाग लेंगें पूर्व उपराष्ट्रपति श्री शेखावत अगस्त 2002 से जुलाई 2007 तक भारत के 11वें उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के पदेन सभापति रहें उन्होंने 1952 में राजस्थान विधानसभा के सदस्य के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत कीं श्री शेखावत तीन बार प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहें

0000

रीको की प्रत्यक्ष भूखंड आवंटन योजना के दूसरे चरण के लिए आज से ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगें रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार ने बताया कि इसके तहत राइजिंग राजस्थान निवेश सम्मेलन में 30 अप्रैल तक एमओयू करने वाले निवेशकों को चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में आरक्षित मूल्य पर भूखंड आवंटित किये जाएंगें योजना में 98 विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में करीब 7 हजार एक सौ भूखंड उपलब्ध हैं योजना में महिला वर्ग, अनुसूचित जाति और जनजाति तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए भी भूखंड आरक्षित किये गये हैं भूखंड आवंटन की ई लॉटरी 5 जून को निकाला जाना प्रस्तावित हैं

000

जयपुर ग्रेटर निगम के सभी जोनों में अवैध होर्डिंग, बैनर और पोस्टर हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं यह अभियान 31 मई तक चलेगां निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में अवैध रूप से लगे हुए होर्डिंग, बैनर, पोस्टर और कटआउट से शहर की सुंदरता प्रभावित होती हैं साथ ही नियमों के विपरीत लगाने से इससे राजस्व आय भी प्रभावित होती है और अतिक्रमण को भी बढ़ावा मिलता हैं इसलिए समय–समय पर विशेष अभियान चलाकर ये कार्यवाही की जा रही हैं

0000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होने के साथ ही राज्य में गर्मी ने जोर पकड़ लिया हैं तापमान तेजी से बढ़ रहा हैं कल प्रदेश के 19 शहरों में दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा मापा गयां मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में राज्य में गर्मी और बढ़ेगीं कई जिलों में अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री तक पहुंचने की संभावना हैं बीकानेर और श्रीगंगानगर में आज से 17 मई तक लू चलने का अनुमान जताया गया हैं वहीं 17 और 18 मई को जयपुर, भरतपुर और उदयपुर संभाग के कुछ जिलों में आंधी और बारिश की संभावना हैं

0000